bes can be done only through an Act of Parliament in view of Articles 341 (2) and 342(2) of the Constitution.

जाफराबाद, दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा फलैटों का आबंटन

3277. **श्री राम नरेश कुशवाहा** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र में जाफराबाद नामक स्थान पर दो केट ए और बी में लगभग 250 मकान बनाये हैं और इन दोनों पाकेटों में एक जैसे फलैट नबंर दिए गए हैं और आबंटियों के आबंटन पत्रों में पाकेट ए और बी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में आबंटियों को तथा संबंधित इंजीनियरों को इस क्षेत्र में आबंटियों को उनका फलैट दिखाने में काफी असुविधा होती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार तथा डी०डी०ए० को जनता तथा इंजीनियरों से इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन पर क्या कार्यवाही की है अथवा क्या सरकार ने उन्हें पुनः संशोधित आवंटन पत्र भेजने की कोई व्यवस्था की है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी, हां । कतिपय मामलों में जारी किए गए संगणकीकृत मांग-I एवं-आबंटन पत्रों में पाकिट, जिसमें आबंटित फलैट आते हैं, का उल्लेख नहीं है तथा इस कारण आवंटियों को कुछ असुविधा हुई है ।

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण को कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण प्रभावित व्यक्तियों को पृथक-पृथक् रूप से सूचित कर रहा है ।

CPWD Workers Union

3278. SHRI GURUDAS DAS GUPTA; Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 439 given in the Rajya Sabha on the 7th November, 1986 and state:

(a) whether the term "workers in the C.P.W.D." include (i) Muster roll staff; (ii) Clerical staff; (iii) Peons and Daftaries; (iv) Junior Engineers; and (v) any other category of C.P.W.D, staff;

(b) whether it is also a fact that only one Union has so far been given such general recognition for "Workers in C.P.W.D."; and

(c) if so, the name of the Union and the reasons therefor?

THE MINISTER OP STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) The term "workers'" includes staff in regular classified/work-charg-ed establishment and Muster roll workers only;

(b) Yes.